# कार्यालय, निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

**(सहकारिता विभाग)**

पत्र संख्या 8613 /पटना, दिनांक 19-09-2025

01 नि०/वाहन (निविदा )–02/2023

प्रेषक,

**विकास रंजन प्रसाद**
संयुक्त निबंधक (योजना),
सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

प्रेषित,

आई०टी० प्रबंधक,
सहकारिता विभाग,
बिहार, पटना।

**विषय :– वित्तीय वर्ष 2025–26 में भाड़े पर वाहन प्राप्त करने हेतु पुनर्निविदा आमंत्रण से संबंधित सामग्री (नियम एवं शर्ते/फार्मेट) विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय, निबधंक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना (सहकारिता विभाग) के पदाधिकारियों के उपयोग हेतु भाड़े पर वाहन प्राप्त करने हेतु पुनर्निविदा से संबंधित सामग्री (नियम एवं शर्ते/फार्मेट) इस पत्र के साथ संलग्न है।

अनुरोध है कि इस पुनर्निविदा से संबंधित सामग्री विभागीय बेवसाईट पर Tender Section में अपलोड करना सूनिश्चित करें।

अनुलग्नकः– यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह०/- 19.09.25

**(विकास रंजन प्रसाद)**
संयुक्त निबंधक (योजना)
सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

## प्रारूप— I

# कार्यालय, निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

## (सहकारिता विभाग)

## भाड़े पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु पुनर्निविदा का आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु एतद् द्वारा इच्छुक निबंधित ट्रेवेल्स एजेन्सियों से कार्यालय, निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के पदाधिकारियों के उपयोग हेतु भाड़े पर सभी Make (प्रकार) यथा Innova Hycross, Innova Crysta, Scorpio, Ertiga, Dzire इत्यादि वाहन ईंधन तथा चालक सहित निम्न प्रकार से उपलब्ध कराने हेतु द्वि–लिफाफा पद्धति के अनुसार पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है :–

(I) मासिक दर –न्यूनतम 1500 किलोमीटर प्रति माह एवं 1500 किलोमीटर से अतिरिक्त प्रति किलोमीटर का दर। (संलग्न प्रपत्र पर)

(II) दैनिक दर–न्यूनतम 200 किमी॰ प्रति दिन एवं 200 किलोमीटर से अतिरिक्त प्रति किलोमीटर का दर। (संलग्न प्रपत्र पर)

2. पूर्व निविदा में निर्धारित गाड़ियों के दर का (प्रारूप (III)) विभागीय बेवसाईट पर उपलब्ध है।

3. इच्छुक निबंधित ट्रेवल्स एजेन्सियाँ दिनांक 13.10.2025 के अपराह्न 2:00 बजे तक निर्धारित शर्तों के अधीन मुहरबंद लिफाफा (तकनीकी एवं वित्तीय पुनर्निविदा के लिए अलग–अलग लिफाफा) में पुनर्निविदा कार्यालय, निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना (विकास भवन, द्वितीय तल) में एवं प्रत्येक कार्य दिवस (सोमवार से शुक्रवार) को अपराह्न 5:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते हैं। डाक से भेजे जाने की स्थिति में दिनांक 13.10.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक डाक अवश्य प्राप्त हो जाना चाहिए।

4. पुनर्निविदा विभागीय क्रय समिति के समक्ष दिनांक 13.10.2025 को अपराह्न 4:00 बजे निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के कार्यालय में खोली जायेगी। पुनर्निविदा खुलने के समय निविदाकर्त्ता को स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि का उपस्थित रहना अनिवार्य है। निविदाकर्त्ता के अनुपस्थित रहने पर उनके पुनर्निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

5. तकनीकी एवं वित्तीय पुनर्निविदा (विहित प्रपत्र पर) अलग–अलग मोहरबंद लिफाफों में देना होगा। अग्रधन (Earnest Money) की राशि मो॰ 15,000/– (पंद्रह हजार) रु॰ मात्र का डिमांड ड्राफ्ट, जो निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना (Registrar, Co-operative societies, Bihar, Patna) के पक्ष में देय हो, अथवा मो॰ 15,000/–(पंद्रह हजार) रूपये मात्र का राष्ट्रीय बचत पत्र (बचनबद्ध (Pledge) कराया हुआ) पुनर्निविदा के साथ जमा करना होगा।

विस्तृत जानकारी तथा नियम/शर्त एवं विहित प्रपत्र, पूर्व निविदा में निर्धारित दर (प्रपत्र III) विभागीय बेवसाईट https://state.bihar.gov.in/cooperative/ पर उपलब्ध है, का अवलोकन/डाउनलोड किया जा सकता है अथवा कार्यालय, निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना (विकास भवन, चतुर्थ तल) से सम्पर्क किया जा सकता है।

19/09/25

**(विकास रंजन प्रसाद)**
संयुक्त निबंधक, (योजना),
सहयोग समितियाँ,
बिहार, पटना।

4

## प्रारूप– I I

# कार्यालय, निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।
# (सहकारिता विभाग)
## भाड़े पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु पुनर्निविदा का आमंत्रण

वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु एतद् द्वारा इच्छुक निबंधित ट्रेवेल्स एजेन्सियों से कार्यालय, निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के पदाधिकारियों के उपयोग हेतु भाड़े पर सभी Make (प्रकार) यथा Innova Hycross, Innova Crysta, Scorpio, Ertiga, Dzire इत्यादि वाहन ईंधन तथा चालक सहित निम्न प्रकार से उपलब्ध कराने हेतु द्वि लिफाफा पद्धति के अनुसार पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है :–

(I) मासिक दर –न्यूनतम 1500 किलोमीटर प्रति माह एवं 1500 किलोमीटर से अतिरिक्त प्रति किलोमीटर का दर।(संलग्न प्रपत्र पर)

(II) दैनिक दर–न्यूनतम 200 किमी॰ प्रति दिन एवं 200 किलोमीटर से अतिरिक्त प्रति किलोमीटर का दर। (संलग्न प्रपत्र पर)

(III) पूर्व निविदा में निर्धारित गाड़ियों का दर (प्रारूप (III) संलग्न) से अधिक दर वाले पुनर्निविदा स्वीकार नहीं होगा एवं अनिर्धारित दर वाले गाड़ियों का दर न्यूनतम होगा।

इच्छुक निबंधित ट्रेवल्स एजेन्सियों दिनांक 13.10.2025 के अपराह्न 2:00 बजे तक निर्धारित शर्तों के अधीन मुहरबंद लिफाफा (तकनीकी एवं वित्तीय पुनर्निविदा अलग–अलग लिफाफा में) में पुनर्निविदा कार्यालय, निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना (विकास भवन, द्वितीय तल) में एवं प्रत्येक कार्य दिवस (सोमवार से शुक्रवार) को अपराह्न 5:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते हैं। डाक से भेजे जाने की स्थिति में दिनांक 13.10.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक डाक प्राप्त हो जाना चाहिए।

पुनर्निविदा विभागीय क्रय समिति के समक्ष दिनांक 13.10.2025 को अपराह्न 4:00 बजे निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के कार्यालय में खोली जायेगी। पुनर्निविदा खुलने के समय निविदाकर्त्ता को स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि का उपस्थित रहना अनिवार्य है। निविदाकर्त्ता के अनुपस्थित रहने पर उनके पुनर्निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

तकनीकी एवं वित्तीय पुनर्निविदा (विहित प्रपत्र पर) अलग–अलग मोहरबंद लिफाफों में देना होगा। अग्रधन (Earnest Money) की राशि 15,000/– (पंद्रह हजार) रू॰ मात्र का डिमांड ड्राफ्ट, जो निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना (Registrar, Co-operative societies, Bihar, Patna) के पक्ष में देय हो, अथवा मो॰ 15,000/(पंद्रह हजार) रूपये का राष्ट्रीय बचत पत्र (बचनबद्ध (Pledge) कराया हुआ) पुनर्निविदा के साथ जमा करना होगा। अस्वीकृत पुनर्निविदा का अर्नेस्ट मनी वापस कर दिया जायेगा।

2. निविदाकर्त्ता के लिए निम्नलिखित तकनीकी अर्हताएँ आवश्यक होंगी :–

1. वे ट्रेवल एजेंसी जिन्हें कम से कम तीन वर्षो का समान प्रकृति का सरकारी/अर्द्धसरकारी विभागों/कार्यालयों का कार्यानुभव हो और भाड़े के वाहन आपूर्ति करने हेतु सरकार द्वारा निर्धारित अर्हता रखते हों।
2. निविदाकर्त्ता ट्रेवल एजेंसी द्वारा अपने फर्म के वाणिज्यिक निबंधन, सेवाकर/GST निबंधन एवं विगत 03 वर्ष (वर्ष 2024–25, 2023–24 एवं 2022–23) का आयकर एवं जी॰एस॰टी॰ रिटर्न की छाया प्रति निविदा के साथ जमा करना होगा।
3. उपलब्ध कराये जाने वाले वाहन तीन वर्ष से अधिक पुरानी नहीं हो तथा सरकार द्वारा निर्धारित सभी अर्हताएँ पुरी करती हो तथा ट्रेवल एजेंसी द्वारा वाहन का रख–रखाव स्वयं किया जायेगा।
4. पुनर्निविदा में शामिल ट्रेवल एजेन्सी को कम से कम 10 वाहनों (जो फर्म या फर्म के मालिक के नाम से निबंधित हो) यथा Innova Hycross, Innova Crysta, Scorpio, Ertiga, Dzire का वाणिज्यिक निबंधन संख्या, रोड टैक्स, गाड़ी का बीमा एवं गाड़ी का फिटनेस, चालक का वाणिज्यिक लाइसेंस आदि से संबंधित कागजातों की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध कराना होगा।
5. निविदाकर्त्ता द्वारा इस आशय का शपथ–पत्र (मो॰ 100/– का स्टाम्प पर) देना होगा कि न्यायालय में उनपर न कोई वाद लंबित है और न ही न्यायालय द्वारा किसी कानून के तहत उसे दंडित किया गया है तथा उन्हें किसी भी सरकारी विभाग द्वारा काली सूची में दर्ज नहीं किया गया है।
6. वाहन के मासिक एवं दैनिकी किराया पर अनुमान्य माल एवं सेवाकर (GST) एवं टोल टैक्स (यथा वांछित) का अलग से भुगतान किया जायेगा।
7. चयनित एजेंसी को निर्धारित मासिक किराया के अतिरिक्त माल एवं सेवाकर (GST) को छोड़कर कोई भी अन्य

8. दैनिक दर पर लिये गये वाहन का प्रतिदिन न्यूनतम 200 किमी॰ की दर से भुगतान किया जायेगा, चाहे गाड़ी का एक दिन में न्यूनतम 200 किमी॰ से कम भी परिचालन हुआ हो, इसी प्रकार मासिक दर में भी नियम लागू होगा।

9. तकनीकी पुनर्निविदा एवं वित्तीय पुनर्निविदा के आवेदनों को वांछित कागजात संलग्न कर अलग–अलग लिफाफा में तकनीकी एवं वित्तीय पुनर्निविदा लिख कर तथा बंद कर उक्त दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफा में डालकर मुहरबंद करते हुए लिफाफा पर शीर्ष **"कार्यालय निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना हेतु भाड़े के वाहन की पुनर्निविदा"** लिख कर जमा करना होगा।

इन अर्हताओं से संबंधित कागजातों की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय तथा मूल प्रति मांगे जाने पर दिखाया जाना अनिवार्य होगा।

3॰ <u>अन्य शर्तें</u>

क- वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने पर वाहन एवं ड्राईवर को क्षति की प्रतिपूर्ति की जवाबदेही ट्रेवल एजेंसी की होगी।

ख- बिहार राज्य में वाणिज्यिक रूप से निबंधित वाहन ही कार्यालय के लिये लिया जायेगा।

ग- भाड़े पर वाहन देने हेतु पुनर्निविदा में देय–दर संलग्न प्रपत्र के अनुरुप पठनीय, स्वच्छ कम्प्यूटर द्वारा टंकित प्रति कराकर निविदाकर्त्ता को देना होगा।

घ- सेवा में टूट होने पर उस दिन की सामानुपातिक राशि के अलावे 500/– (पाँच सौ) रू॰ प्रतिदिन की दर से दंड राशि की कटौती ट्रेवल एजेंसी द्वारा दिये गये दावे से की जाएगी। बार–बार सेवा में टूट होने पर कार्य के प्रति लापरवाही मानते हेतु जमानत राशि जब्त कर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है।

ङ- कार्यालय, निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के पदाधिकारियों के उपयोग के लिए जब भी जितनी संख्या में गाड़ी मांग की जाएगी ट्रेवल एजेंसी को उतनी ही संख्या में निर्धारित समय के अन्दर मांग के अनुरूप गाड़ी उपलब्ध कराना होगा।

च- गाड़ियों के प्रतिदिन उपयोग के लिए गाड़ी के चालक द्वारा लॉग बुक संधारण करना होगा।

छ- गाड़ी के चालक की वर्दी विभागीय कार्यालय के अनुरूप साफ–सुथरी होना चाहिए, गाड़ी की साफ–सफाई नियमित रूप से चालक द्वारा किया जाना होगा तथा चालक द्वारा पदाधिकारी के साथ व्यवहार कुशल होना चाहिए।

ज- पुनर्निविदा के माध्यम से प्राप्त न्यूनतम दर पर यदि बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा वाहन उपलब्ध कराने पर सहमति व्यक्त की जाएगी तो वैसी स्थिति में बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम को प्राथमिकता दी जाएगी।

झ- चयनित निविदाकर्त्ता द्वारा मांग के अनुरूप वाहन नहीं उपलब्ध कराने की स्थिति में पुनर्निविदा के माध्यम से प्राप्त न्यूनतम दर पर उपरोक्त अर्हताओं को पूरा करने वाले यदि कोई अन्य ट्रेवल एजेंसी वाहन उपलब्ध करायेगी तो उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

ञ- पुनर्निविदा में प्राप्त वाहनों का आकलित न्यूनतम दर पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु यदि पुनर्निविदा में शामिल अन्य फर्म द्वारा सहमति दी जाती है तो तीन फर्मो को पैनल में रखा जायेगा।

ट- आमंत्रित पुनर्निविदा में एक से अधिक प्रतिष्ठानों का दर न्यूनतम ($L_1$) होने की स्थिति में अधिकतम न्यूनतम ($L_1$) दर वाले प्रतिष्ठानों से Negotiation के आधार पर प्रतिष्ठान का चयन किया जाएगा।

ठ- इस पुनर्निविदा के आधार पर चयनित एजेंसी का सेवाकाल कार्यादेश निर्गत होने की तिथि से एक वर्ष तक के लिए अनुमान्य होगा। गुणवतापूर्ण एवं संतोषपूर्ण सेवा प्रदान करने वाले फर्म की सेवा अवधि अगले एक वर्ष अथवा अगले आदेश तक के लिए बढ़ाया जा सकता है।

ड- सफल निविदाकर्त्ता को विभाग के साथ एकरारनामा करना होगा।

ढ- पुनर्निविदा को बिना सूचना एवं कारण बताये रद्द करने का अधिकार निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी एवं शर्तो के लिए कार्यालय, निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना (विकास भवन, चतुर्थ तल) से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह॰ 19/09/25

**(विकास रंजन प्रसाद)**
संयुक्त निबंधक, (योजना),
सहयोग समितियाँ,
बिहार, पटना।

प्रारूप-III

# कार्यालय, निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना

## आदेश

कार्यालय, निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के पदाधिकारियों को विभागीय कार्यों के अनुश्रवण/समीक्षा में उपयोग हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 में मासिक/दैनिक दर पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु निबंधित फर्मो/ट्रेवल एजेंसियों से पुनर्निविदा आमंत्रित किया गया। प्राप्त पुनर्निविदा दिनांक 29.10.2024 को विभागीय क्रय समिति के समक्ष खोला गया। पुनर्निविदा के शर्तों के आलोक में सम्यक विचारोपरांत विभिन्न वाहनों के लिये मासिक/दैनिक न्युनतम दर निम्न प्रकार पाया गया :–

| Type of Vehicle | Daily basis Rate with Driver & Fuel | | | | Monthly basis Rate with driver & fuel | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Daily Basis Rate Min. Chargebale 200KM per Day (Rs/KM) | Extra KM Rate (Above 200KM) | Night Halt Charge | Remarks | Monthly Rate upto 1500 KM (24 Hours) | Extra KM Rate (Above 1500KM) | Night halt Charge | Remarks |
| Amaze | 2390.00 | 11.95 | 175.00 | TDS Included (Note-TDS Deducted from bill) GST and Toll Tax extra Chargable | 35499.00 | 11.95 | 175.00 | TDS Included (Note-TDS Deducted from bill) GST and Toll Tax extra Chargable |
| Dezire | 2390.00 | 11.95 | 175.00 | | 35499.00 | 11.95 | 175.00 | |
| Bolero | 2825.00 | 14.90 | 200.00 | | 35499.00 | 14.90 | 200.00 | |
| Ertiga | 2990.00 | 13.00 | 200.00 | | 41900.00 | 14.95 | 200.00 | |
| Scorpio | 2990.00 | 14.70 | 200.00 | | 42499.00 | 14.95 | 200.00 | |
| Crysta | 3560.00 | 16.75 | 200.00 | | 64499.00 | 17.90 | 200.00 | |
| Safari | 3360.00 | 16.90 | 200.00 | | 60499.00 | 16.90 | 200.00 | |

उपरोक्त प्राप्त न्यूनतम मासिक/दैनिक दर पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु मेसर्स रवि ट्रेवल्स, बोरिंग रोड, पटना द्वारा स्वेच्छा से सहमति पत्र समर्पित किये जाने के आलोक में उक्त ट्रेवल एजेंसी से वाहन भाड़े पर लेने का निर्णय लिया गया है।

2. यह आदेश निर्गत तिथि से अगले एक वर्ष के लिए प्रभावी होगा। वाहन की सेवा संतोषपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण पाये जाने पर सेवा अवधि बढ़ायी जा सकती है।

3. उपर्युक्त प्रस्ताव में निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

3/12/24

(विकास रंजन प्रसाद)
संयुक्त निबंधक (योजना),
सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना

ज्ञापांक 9571 / पटना, दिनांक 03.12.2024
01नि॰/वाहन(निविदा) –02/2023

प्रतिलिपि :– मेसर्स रवि ट्रेवल्स, बोरिंग रोड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। आपको निदेश दिया जाता है कि पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के अंदर इकरारनामा कर लें।

3/12/24

संयुक्त निबंधक (योजना),
सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना

## **Format**

| Type of vehicle | Daily basis Rate with driver & fuel | | | | Monthly basis Rate with driver & fuel | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **Daily basis rate Min. chargable 200 KM per day (Rs/KM)** | **Extra KM Rate (Above 200 KM)** | **Night Halt Charge** | **Remarks** | **Monthly rate upto 1500 KM (24 Hours )** | **Extra KM Rate (Above 1500 KM)** | **Night Halt Charge** | **Remarks** |
| Dzire | | | | TDS included (Note- TDS deducted from Bill) GST & toll tax Extra Chargable | | | | TDS included (Note- TDS deducted from Bill) GST & toll tax Extra Chargable |
| Ertiga | | | | | | | | |
| Scorpio | | | | | | | | |
| Crysta | | | | | | | | |
| Hycross | | | | | | | | |

Note- Rate should be mention by printing/typing not hand writing.